# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

पत्रांक–1458/12–1, दिनांकः मसूरी, 16/11, 2018।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड,
देहरादून।

विषयः– जनपद–देहरादून के विकास खण्ड–सहसपुर में ग्रामीण सड़के एंव ड्रेनेज विभाग के अन्तर्गत देहरादून–मसूरी मोटर मार्ग के किमी0–17.00 से ग्राम डोमगांव तक ग्रामीण सड़क (कुल लम्बाई –1.050 किमी0) के निर्माण हेतु अपेक्षित 0.7035 है0 (वन स्वरूप) भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड, देहरादून को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव। (आनलाईन प्रस्ताव सं0–**FP/UK/ROAD/36952/2018**)

सन्दर्भ :– आपका आनलाईन प्रस्ताव सं0–FP/UK/ROAD/36952/2018, दिनांक 15–11–2018

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित आनलाईन प्रस्ताव का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयांकित वन भूमि का आनलाईन प्रस्ताव दिनांक 15–11–2018 को इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। प्राप्त आनलाईन एंव प्रस्ताव की मूल हार्ड प्रति की प्रभाग स्तर से जॉच /परीक्षण उपरान्त प्रयोक्ता एजेंन्सी के स्तर से आनलाईन प्रस्ताव में निम्न कमियों पायी गयी, जिनके निराकरण हेतु आनलाईन प्रस्ताव वापस लौटाया जा रहा है। कृपया आनलाईन प्रस्ताव में दृष्टांत निम्न कमियों का निराकरण करते हुए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव आनलाईन अग्रेतर कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आनलाईन प्रस्ताव के भाग–I के पैरा B-2.2- Details of District involoved में District wise breakup में District Name – Haridwar अंकित/दर्ज है, जबकि विषयांकित प्रकरण जनपद–देहरादून से सम्बन्धित है। कृपया District wise breakup में District Name सही अंकित/दर्ज किया जाय।
2. आनलाईन प्रस्ताव के भाग–I के पैरा B-2.3- में Village wise breakup को Nil दिखाया गया है। जबकि प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वांछित वन भूमि मूल प्रस्ताव के अनुसार ग्राम–डोमगांव के अन्तर्गत अवस्थित है। कृपया Village wise breakup में ग्राम डोमगांव के अन्तर्गत वांछित वन भूमि को अंकित/दर्ज किया जाय।
3. आनलाईन प्रस्ताव के भाग–I के पैरा B-2.4- में Component wise breakup में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.6825 है0 तथा Muck Disposal हेतु 0.021है0 कुल 0.7035है0 वन भूमि दर्शायी गयी है। जबकि मूल प्रस्ताव के अनुसार 0.7035है0 वन भूमि मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित है। कृपया उक्तानुसार आनलाईन प्रस्ताव के भाग–I के पैरा B-2.4 को संशोधित /स्पष्ट किया जाय।
4. आनलाईन प्रस्ताव के भाग–I के पैरा D(iii)(a) में Reson for not providing such map winding of exiting road के सम्बन्ध में प्रयोक्त एजेन्सी द्वारा कोई दस्तावेज / मानचित्र अपलोड नहीं किया गया है। कृपया यथा सिप तत्संबंधी दस्तावेज /मानचित्र अपलोड किया जाय।

कृपया उक्त सूचनाओं/संगत अभिलेखों को आनलाईन प्रस्ताव के भाग–I में अपलोड करते हुए उनकी हार्ड प्रति (मूल में) इस कार्यालय को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें। आनलाईन भाग–I की प्रति डाऊनलोड कर समुहर हस्ताक्षर के इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जाय।

संलग्न – उक्तानुसार।

भवदीय

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

(राजीव धीमान,भा.व.से.)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

(xvii). **Copy of documents in support of the competence/authority of the person making this application to make application on behalf of the User Agency:**

## B. Details of land required for the Project

B-1. Details of proposal seeking prior approval of Central Government under the Act for diversion of forest land for the Project already submitted in the past

| List of proposal submitted in Past | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **S.no** | **Proposal Status.** | **Proposal No.** | **Moef File No.** | **Area Proposed for Diversion(Ha.)** | **Area Diverted(Ha.)** | **Date of In-Principle Approval** | **Date of Final Approval** |
| **NIL** | | | | | | | |

B-2. Details of forest land proposed to be diverted

B-2.1 Details of Divisions involved

| Details of Divisions involved | | | |
|---|---|---|---|
| **S.no** | **Division Name** | **Forest Land(ha.)** | **Non-Forest Land(ha.)** |
| 1. | Mussoorie | 0.7035 | 0 |

B-2.2 Details of Districts involved

| District wise breakup | | | |
|---|---|---|---|
| **S.no** | **District Name** | **Forest Land(ha.)** | **Non-Forest Land(ha.)** |
| 1. | Haridwar | 0.7035 | 0 |

B-2.3 Village wise breakup

| Villages wise breakup | | | |
|---|---|---|---|
| **S.no** | **Village** | **Forest Land(ha.)** | **Non-Forest Land(ha.)** |
| **NIL** | | | |

B-2.4 Component wise breakup

| Component wise breakup | | | |
|---|---|---|---|
| **S.no** | **Component** | **Forest Land(ha.)** | **Non-Forest Land(ha.)** |
| 1 | road | 0.6825 | 0 |
| 2 | muck | 0.021 | 0 |

## C. Maps of forest land proposed to be diverted

| Division 1. : Mussoorie |
|---|
| (i). **Area of forest land proposed to be diverted(in ha.) :** 0.7035 |

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड देहरादून।

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी, वनप्रभाग,
मसूरी।

पत्रांक 2011 ग्रा0नि0वि0 /कार्य–तीन/ 2018–19 दिनांक : 05/10/2018

विषय : – जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में देहरादून मसूरी मोटर मार्ग के किमी0 17 से ग्राम डोम गांव तक ग्रामीण सड़क के निर्माण हेतु अपेक्षित 0.7035 है0 वन भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके उक्त कार्य के निर्माण हेतु अपेक्षित वन भूमि के हस्तान्रण का प्रस्ताव दो प्रतियों एवं नोडल अधिकारी द्वारा दिये गये Acknoldgement संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्न–उक्तानुसार

1. प्रस्ताव की दो प्रतियां।
2. नोडल अधिकारी द्वारा दिये गये Acknoldgement

भवदीय,

(इं0 अनुपम भटनागर)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड–देहरादून।

पत्रांक एवं दिनांक उक्तानुसार–

प्रतिलिपि– सहायक अभियन्ता (तृतीय) ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड–देहरादून।

मसूरी वन प्रभाग
क्रमांक संख्या 2584
पत्रावली संख्या 12-1
दिनांक 17/10/018
शाखा
प्रभागीय वनाधिकारी